

**वनडे सीरीज में विश्व रिकॉर्ड बनाया**

मिताली राज ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वह दुनिया में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला महिला क्रिकेट बनी। वनडे में मिताली के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,337 रन हो गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व कप्तान चार्लोट एडवर्ड्स (10,273) को पीछे छोड़ा। महिला क्रिकेट में केवल इन्हीं दो खिलाड़ियों ने 10,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।

## टॉप पर पहुंची भारतीय वनडे टीम की कप्तान मिताली राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने आइसीसी द्वारा जारी ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक बार फिर पहले स्थान पर कब्जा जमाया है। मंगलवार को जारी किए गए ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में मिताली टॉप पर आ गई जबकि साउथ अफ्रीका की धुरंधर बल्लेबाज लेजली ली दूसरे स्थान पर पहुंची हैं। सबसे बड़ा नुकसान वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को हुआ है जो पहले से सीधा 5वें स्थान पर खिसक गई हैं।

आइसीसी ने मंगलवार को महिला वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है जिसमें पहले चार स्थान पर रहने वाले बल्लेबाजों को फायदा हुआ है जबकि एक को जबरदस्त नुकसान। भारत की मिताली ने एक पायदान की सुधार करते हुए 762 अंक हासिल कर पहले नंबर पर एक बार फिर से दबदबा बनाया है। इसके बाद 758 अंकों के साथ साउथ अफ्रीका बल्लेबाज लिजले ली हैं जो तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंचने में कामयाब हुई हैं।

# विराट कोहली क्यों नहीं खेल रहे प्रैक्टिस मैच

**क्रिकेट**

## टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा बने कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

डरहम। इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया अपनी तैयारियां पुख्ता करना चाहती है। तभी तो आज से रिवरसाइड ग्राउंड में काउंटी एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच की शुरुआत हो गई। इस तीन दिवसीय प्रैक्टिस मैच में भारतीय कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे नहीं खेल रहे हैं। भारतीय दल की अगुवाई रोहित शर्मा कर रहे हैं। आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर विपक्षी खेमे की ओर से गेंदबाजी करते नजर आए।





**इंडियंस की टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी:** कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले शुभमन गिल चोटिल हैं और उनकी जगह इस मैच के लिए मयंक अग्रवाल को ओपनिंग में मौका दिया गया है। ऋषभ पंत को कोरोना होने और रिद्धिमान साहा के आईसोलेशन में रहने के कारण लोकेश राहुल को विकेटकीपिंग का जिम्मा दिया गया है।

**विराट कोहली क्यों नहीं खेल रहे?** भारत ने इस मैच में दोनों लेफ्ट आर्म स्पिनर रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को लिया है जबकि रविचंद्रन अश्विन को आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी भी नहीं खेल रहे हैं। शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह अभ्यास मैच में तेज गेंदबाजी करते नजर आएंगे। विराट कोहली के न खेलने के बार में बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन रिजर्व खिलाड़ियों को हालातों से अनुकूल बनाने के लिए यह कदम उठाया जा सकता है।

**यशपाल शर्मा की याद में काली पट्टी:** भारतीय टीम इस अभ्यास मैच में अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर यशपाल शर्मा का 13 जुलाई को कार्डियक अरेस्ट की वजह से अचानक निधन हो गया था। अपने जज्बे और समर्पण के लिए भारतीय क्रिकेट में विशिष्ट पहचान बनाने वाले पूर्व बल्लेबाज यशपाल टीम इंडिया के फर्श से अर्श तक पहुंचने के सफर के गवाह रहे थे। वह 1979 विश्व कप की उस भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसे श्रीलंका की टीम के खिलाफ भी शिकस्त का सामना करना पड़ा था जबकि इसके चार साल बाद कपिल देव की अगुआई में उनकी मौजूदगी वाली टीम ने वेस्टइंडीज की दिग्गज टीम को हराकर खिताब जीता था। नियमित विकेटकीपरों की अनुपलब्धता भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरे पर चिंता का विषय है।

# भुवनेश्वर ने अक्टूबर 2015 के बाद फेंकी पहली नो-बॉल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। भुवनेश्वर कुमार अपनी स्विंग के लिए जाने जाते हैं। हालांकि श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में वह रंग में नहीं दिखे। उनकी कुछ गेंदें वाइड भी थी। लेकिन उन्होंने कोई नो–बॉल नहीं फेंकी। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है वह बहुत कम नो–बॉल फेंकते हैं। भुवी ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल सीरीज के दूसरे मैच में नो–बॉल फेंकी। कमाल की बात यह है कि भुवी ने करीब छह साल बाद नो–बॉल फेंकी।



कोलंबो में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भुवनेश्वर अपने तीसरे ओवर की पहली गेंद फेंकने आए। बल्लेबाजी वाले छोर पर मिनोद भानुका थे। भुवी का पांव पॉपिंग क्रीज से आगे था। महज एक इंच। भुवनेश्वर ने अक्टूबर 2015 के बाद पहली बार नो–बॉल फेंकी। इस बीच उन्होंने 3093 गेंदें फेंकीं।

भुवनेश्वर ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर में सिर्फ पांच नो–बॉल फेंकी है। अक्टूबर 2015 के बाद से उन्होंने अपनी दो पिछली नो–बॉल के बीच 513.3 ओवर फेंके हैं। मैच की बात करें तो श्रीलंका ने टॉस करने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय टीम ने इस मैच के लिए अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं श्रीलंका ने उडाना के स्थान पर कसुन रंजीता को जगह दी है।

**भारतः** पृथ्वी साव, शिखर धवन, ईशान किशन, मनीष पांडे, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार , दीपक चाहर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल

## चाहता हूं टीम वनडे में लगातार 320-330 रन बनाए: कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिजटाउन। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच फिल सिमंस ने कहा है कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम वनडे में लगातार 320–330 रन बनाए। सिमंस की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस बुधवार से बारबाडोस में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले आई है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार सिमंस ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 280–290 से 320–330 तक पहुंचने के लिए 20–39 के बीच के ओवरों में बल्लेबाजी में सुधार करना चाह रहे हैं। हम इस पर श्रीलंका सीरीज के बाद से ही चर्चा कर रहे हैं और अब ऐसा करना का समय आ गया है। वेस्टइंडीज ने हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी–20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 4–1 से हराया। कीरोन पोलार्ड सीरीज में एक भी मैच नहीं खेले और उनकी जगह निकोलस पूरन ने टीम का नेतृत्व किया। सिमंस ने कहा कि इस सीरीज में अच्छी बात यह रही कि खिलाड़ियों ने आगे आकर प्रदर्शन किया । आंद्रे रसेल ने पहला मैच खत्म किया, ड्वेन ब्रावो जब बल्लेबाजी करने के लिए ऊपर गए, तो उन्होंने शानदार प्रदर्शन का।

## न्यूज डायरी



### इशान किशन ने जो वादा ड्रेसिंग रूम में किया, उसे मैदान पर किया पूरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में संजू सैमसन को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में तरजीह मिलनी थी, लेकिन उनको मैच से पहले चोट लग गई और वे सलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। इस स्थिति में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन की किस्मत खुल गई और उनको अपने जन्मदिन के मौके पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला और उन्होंने एक रिकॉर्ड भी बना दिया। दरअसल, इशान किशन ने अपने डेब्यू मैच की पहली गेंद पर ही छक्का जड़ दिया था और इस तरह वे भारत के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में अपने रनों का खाता छक्के के साथ खोला है। हैरान करने वाली बात ये है कि मैच के बाद बर्थडे ब्वॉय इशान किशन ने एक बड़ा खुलासा किया और बताया कि उन्होंने अपने साथियों से कहा था कि वे किसी भी कीमत पर डेब्यू मैच की शुरुआत छक्के के साथ करना चाहते हैं।

### दूसरे दर्जे की बताने वाले अर्जुन रणतुंगा की बोलती बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शिखर धवन की कप्तानी में श्रीलंका दौरे पर जो भारतीय टीम गई है उसे श्रीलंका के विश्व विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने दूसरे दर्जे की टीम बताया था। रणतुंगा ने श्रीलंका क्रिकेट की आलोचना करते हुए इस टीम के खिलाफ खेलना अपने देश के क्रिकेट बोर्ड का अपमान बताया था। इस भारतीय टीम ने रविवार को कोलंबो में पहले वनडे मैच में श्रीलंका को सात विकेट से ना सिर्फ हराया, बल्कि 263 रन का लक्ष्य सिर्फ 36.4 ओवर में हासिल कर लिया। अब रणतुंगा क्या कहेंगे? रणतुंगा को पहले ही आलोचना झेलनी पड़ी थी, क्योंकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के अलावा कई और भारतीय क्रिकेटरों ने उन पर निशाना साधा था। इसके अलावा पाकिस्तान टीम के पूर्व खिलाड़ियों ने भी श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान की आलोचना की थी कि आप भारत की दूसरे दर्जे की टीम को हराकर दिखाइए, तब मानेंगे। ऐसा ही कुछ पहले वनडे मैच में देखने को मिला, जब भारतीय खिलाड़ियों ने इसे एकतरफा बना दिया।

### जब हरमनप्रीत ने 115 गेंदों पर जड़े नाबाद 171 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चार साल पहले 2017 में आज ही के दिन हरमनप्रीत कौर ने महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में 171 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली थी। कौर ने डर्बी के काउंटी ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में सिर्फ 115 गेंदों पर 171 रन बनाए थे। बारिश के कारण मैच 42 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीता था और मिताली राज की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय भारत की स्थिति खराब थी। हरमनप्रीत को दीप्ति शर्मा का साथ मिला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की। दाएं हाथ की बल्लेबाज हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 20 चौके और सात छक्के लगाए, जिससे भारतीय टीम ने 42 ओवर में 281/4 का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### कुलदीप यादव ने इस महान खिलाड़ी को दिया अपने दमदार कमबैक का श्रेय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने पिछले कुछ महीनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष किया है। किसी भी प्रारूप में वे सफल नहीं हो पाए हैं, लेकिन श्रीलंका के दौरे पर पहले ही वनडे मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और अपने शानदार कमबैक के बीच उन्होंने राहुल द्रविड़ की सराहना की, जो इस समय भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं, क्योंकि मुख्य कोच रवि शास्त्री इस समय इंग्लैंड में हैं, जबकि शिखर धवन की कप्तानी वाली टीम इस समय श्रीलंका में है। कुलदीप यादव ने 18 जुलाई को कोलंबो के आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।